तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

02 आजादी के बाद पहली बार मैंड्रा गांव पहुंचे विधायक...



02 लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ...



खबर संक्षेप

चार लीटर शराब जब्त एक महिला गिरफ्तार

कांकेर। थाना कांकेर पुलिस ने ग्राम अर्जुनी में अवैध महुआ शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिला शराब बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने छोटेपारा अर्जुनी निवासी 48 वर्षीय लोचन बाई के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 400 रुपये और बिक्री के 100 रुपये सहित कुल 500 रुपये का सामान जब्त किया। आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(ख) के तहत कार्रवाई कर जमानत पर रिहा किया गया।



युवक की मौत की अस्पताल में पुष्टि

कांकेर। जिला अस्पताल कांकेर में इलाज के लिए लाए 42 वर्षीय रामाशंकर पंडित पिता हरक का मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, लेकिन उसकी मौत है गई। थाना कांकेर शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी नरहरपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

जिला युवा उत्सव का आज होगा आयोजन

कांकेर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से नया बस स्टैण्ड डोम कांकेर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज और पारंपरिक वेशभूषा इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

धौराभाटा से उरैया तक 3 किमी सीसी सड़क की मांग वर्षों से अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क सुविधा आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कहीं सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, तो कहीं कच्ची सड़क के कारण बरसात के दिनों में आवागमन मुश्किल हो जाता है। ऐसी ही समस्या से जूझ रहे नरहरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत धौराभाटा के ग्रामीणों ने अब पक्की सड़क निर्माण के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

ग्रामीण जिला प्रशासन को समस्या से अवगत कराने कांकेर कलेक्टोरेट 30 अक्टूबर को पहुँचे थे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम धौराभाटा से उरैया तक लगभग 3 किलोमीटर लंबा कच्चा मार्ग बना हुआ है।

बरसात में आवागमन ठप सा हो जाता है और दिनों में भी होती है भारी दिक्कत

ग्राम पंचायत ने उठाई मांग और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया



3 किमी सड़क निर्माण की रखी मांग

ग्राम पंचायत ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम धौराभाटा से उरैया उंडा तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी सीसी पक्की सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृति प्रदान की जाए। सड़क बनने से दोनों गांवों के बीच आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिल सकेगी। सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

इस मार्ग से ग्रामीणों का आवागमन होता है, लेकिन पक्की सड़क नहीं होने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण लंबे समय से इस मार्ग को पक्की सड़क में तब्दील करने की मांग करते आ रहे हैं। इसके बावजूद अब तक सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क ग्रामीणों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण रास्ता है। कच्ची सड़क होने के कारण विशेषकर बारिश के मौसम में मार्ग की स्थिति खराब हो जाती है। इससे ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और अन्य लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। सड़क की खराब स्थिति के चलते दैनिक आवागमन के साथ ही जरूरी कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

राहत

स्कूली बच्चों-ग्रामीणों को मिलेगी सुरक्षित आवाजाही की सुविधा

तहसील सरोना के ग्राम मावलीपारा में शासकीय हाईस्कूल के समीप भारतमाला परियोजना के रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग पर सुरक्षित आवागमन की मांग को लेकर विधायक आशाराम नेताम ने गंभीरता दिखाते हुए ओवरब्रिज निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने विधायक के पत्र पर सकारात्मक पहल करते हुए फुट ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान किए जाने की जानकारी दी है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों, स्कूली विद्यार्थियों और राहगीरों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक को पत्र लिखकर की दी जानकारी

विधायक नेताम का प्रयास रंग लाया मावलीपारा में बनेगा फुट ओवरब्रिज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मावलीपारा और आसपास के गांव के लोगों ने जुलाई माह में इस समस्या को विधायक के संज्ञान में लाया था और हरिभूमि ने भी प्रमुखता से प्रकाशित करके सरकार के संज्ञान में लाया था। विधायक आशाराम नेताम के ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए 7 जुलाई 2026 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर ग्राम मावलीपारा स्थित शासकीय हाईस्कूल के समीप भारतमाला परियोजना के रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग पर सुरक्षित सड़क पार करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की थी। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए सड़क क्रॉसिंग, अंडरपास अथवा फुट ओवरब्रिज का निर्माण ▶▶|शेष पेज 02 पर

केंद्रीय मंत्री के जवाब से मिली बड़ी खुशखबरी

विधायक के पत्र पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से 8 अक्टूबर 2026 को जवाब जारी किया गया। इसमें बताया गया कि रायपुर-विशाखापट्टनम भारतमाला परियोजना मार्ग को ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सरंगी-बारसनवाही खंड (पैकेज सीजी-02) के किलोमीटर 97.100 पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी विधायक आशाराम नेताम को दी।

विद्यार्थियों और किसानों को मिलेगी राहत

मावलीपारा में फुट ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी है। इसके निर्माण से शासकीय हाईस्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने के लिए सुरक्षित रास्ता मिलेगा, वहीं बासनवाही क्षेत्र के किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में सुविधा होगी। इसके अलावा आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों को भी राजमार्ग पार करने के लिए सुरक्षित विकल्प उपलब्ध होगा।

ग्रामीणों को मिली खुशखबरी

मावलीपारा में फुट ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति मिलने की खबर से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि राजमार्ग के दूसरी ओर स्कूल और किसानों के खेत होने के कारण भविष्य में आवागमन को लेकर चिंता बनी हुई थी। फुट ओवरब्रिज बनने से स्कूली बच्चों, किसानों और ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

गर्भवती नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से परलकोट में सनसनी

मिला सुसाइड नोट



पखांजूर। परलकोट क्षेत्र के पीवी-39 इंद्रप्रस्थ में एक गर्भवती नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतिका की पहचान करिश्मा राय पति राजेश राय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला गर्भवती थी और उसकी गर्भावस्था का अंतिम चरण चल रहा था। ऐसे समय में हुई इस दुखद घटना ने न केवल परिवार को झकझोर दिया है, बल्कि कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल में शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना किए जाने के आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही पखांजूर थाना प्रभारी तेज वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ▶▶|शेष पेज 02 पर

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज

पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। सुसाइड नोट की सामग्री, उसकी लिखावट-अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की जांच के साथ परिजनों एवं संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जाएंगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी जांच की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

एकता परेड को लेकर कांकेर में उत्साह थानों व पुलिस लाइन में लगे प्रोजेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और देशभक्ति का संदेश देने वाली गुजरात में आज 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाली एकता परेड को लेकर कांकेर जिले में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। परेड में शामिल होने का अवसर भले ही गुजरात में मिले, लेकिन जिले के नागरिक भी इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बन सकेंगे। इसके लिए कांकेर पुलिस विभाग ने जिलेभर में विशेष व्यवस्था की है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में परेड देखने की व्यवस्था की गई है। वहीं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कांकेर शहर और भानुप्रतापपुर में विशेष केंद्र बनाए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कांकेर शहर में आम नागरिकों के लिए नरहरदेव विद्यालय परिसर में परेड देखने की व्यवस्था ▶▶|शेष पेज 02 पर

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

70 करोड़ की ठगी के फरार आरोपी को दंतेवाड़ा में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



निवेश पर मोटा मुनाफा कमाने और महज डेढ़ साल में रकम दोगुनी करने का सपना दिखाकर करीब 500 लोगों से 70 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में अंतागढ़ पुलिस को एक और सफलता मिली है। महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज के नाम पर लोगों की गाढ़ी कमाई हड़पने वाले गिरोह के सहयोगी आरोपी अमर कुमार निहाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में पूर्व में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

- 5 प्रतिशत ब्याज और डेढ़ साल में रकम दोगुनी करने का दिया था झांसा

पुलिस के अनुसार महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज कंपनी के संचालकों एवं सहयोगियों ने निवेशकों को 5 प्रतिशत ब्याज देने और डेढ़ वर्ष में निवेश की गई रकम दोगुनी करने का प्रलोभन दिया था। इस लालच में आकर कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, बीजापुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 500 लोगों ने कंपनी में करोड़ों रुपये निवेश किए। आरोपियों ने सरकारी कर्मचारियों ▶▶|शेष पेज 02 पर

युवक की मौत पर मर्ग कायम

कांकेर। कच्चे चौकी अंतर्गत बरगांव निवासी 21 वर्षीय धिरपाल सिंह नुरेटी पिता हलालखोर का इलाज के दौरान मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

फांसी लगाकर दी जान कारण अज्ञात

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 39 निवासी 21 वर्षीय करिश्मा राय पिता राजेश ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 29 अक्टूबर को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

एक किलो गांजा जब्त दो तस्कर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चारामा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजा बिक्री के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम पंडरीपानी में दबिश देकर आरोपियों के कब्जे से एक किलो गांजा और बिक्री के लिए तैयार की गई गांजे की 10 पुड़िया बरामद की हैं। इसके अलावा एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। जब्त मादक पदार्थ और अन्य सामग्री की कुल कीमत 52 हजार रुपये आंकी गई है।



तस्करों ने ओडिशा से गांजा खरीदकर लाने का किया खुलासा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ▶▶|शेष पेज 02 पर

ओडिशा से गांजा लाने की बात आई सामने

पूछताछ के दौरान कन्हैया विश्वकर्मा ने ओडिशा से एक अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से गांजा खरीदकर लाना बताया। दूसरे आरोपी रमेश पिट्ठा ने कन्हैया से गांजा खरीदना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ को विधिवत सीलबंद कर मामले में आगे की विवेचना की जा रही है।

पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक सोनराज सूर्यवंशी, सहायक उपनिरीक्षक दुश्यंत सिंह दीवान, आरक्षक मनेश्वर हुर्रा सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

संवाददाता नियुक्त करना है
हरिभूमि
हरिभूमि
समाचार पत्र कांकेर
जिला के अंतर्गत
लखनपुरी, नरहरपुर, बड़गांव, बांदे
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969
जिला कार्यालय, कांकेर
ऊपर नीचे रोड, महुरबंध पारा
कांकेर, मो. 70009 55574

खिलाड़ियों की मेहनत ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

खेल मैदान में चमके दुर्गूकोंदल के सितारे 3 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

कांकेर क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल विभिन्न खेल स्पर्धाओं में स्थान हासिल किया, बल्कि खो-खो और फुटबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव भी बढ़ाया। प्रतियोगिता की सबसे खास उपलब्धि यह रही कि विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

खेल के मैदान में मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर हैं। इसका उदाहरण एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भण्डारडिगी दुर्गूकोंदल के विद्यार्थियों ने पेश किया है। विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने बताया कि कांकेर क्लस्टर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। बालिका वर्ग की खो-खो स्पर्धा में लोकेश्वरी पोटाई ने अपनी गति, फुर्ती और शानदार खेल कौशल का परिचय देते हुए टीम को प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इसी तरह शतरंज प्रतियोगिता में दामिनी सलामे ने अपनी बौद्धिक क्षमता और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में निरजला दुग्गा और फाल्गुनी रावटे ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। चित्रकांत दुग्गा और लोकेन्द्र नरेटी ने टीम के साथ बेहतर तालमेल, रणनीति और खेल कौशल का परिचय देते हुए अपनी टीम को प्रथम स्थान दिलाया। दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस प्रकार विद्यालय के कुल तीन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में संजय कुमार ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम ▶▶|शेष पेज 02 पर

खो-खो-फुटबॉल में हासिल किया प्रथम स्थान



खिलाड़ियों को किया प्रेरित

राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता में भी पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्राचार्य ने प्रेरित किया। इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के खेल शिक्षक आर्य वीर एवं खेल शिक्षिका नम्रता ठाकुर का मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण भी महत्वपूर्ण रहा। खेल शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि यह प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराएंगी।



खबर संक्षेप



मरणोपरांत आरक्षक प्रेमसिंह केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

दुर्गूकोंदल। पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्यनिष्ठा के लिए ग्राम डांगरा निवासी स्वर्गीय आरक्षक क्रमांक 2142 प्रेमसिंह कोरेटी को मरणोपरांत केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय प्रहरी मेडल के तहत प्रदान किए गए इस सम्मान को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी शेर बहादुर सिंह एवं थाना प्रभारी सुनील दुबे ने उनके परिजनों को सौंपा। इस दौरान स्व आरक्षक की पत्नी ने अपने पति की ओर से पदक ग्रहण किया। सम्मान समारोह में जनपद सदस्य पीलम नरेटी, राजेन्द्र नरेटी सहित परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय प्रेमसिंह कोरेटी की उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं और कर्तव्य के प्रति समर्पण को याद किया। मरणोपरांत मिला यह सम्मान उनके योगदान का प्रतीक है। यह उपलब्धि उनके परिवार के साथ ग्राम डांगरा और दुर्गूकोंदल क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है।

चक्रवात से फसल चौपट कर्ज माफ करने की माँग

दुधावा। चक्रवात अर्नब के कारण लगातार तेज बारिश और हवा



तूफान की वजह से परसोदा गांव के किसानों की फसल पूरी तरह चौपट हो गया है। किसानों ने सर्वे करवाकर कर्जा माफ करने की माँग किया है। किसान लेखराम सार्वा, विजय साहू, पवन साहू, फूलसिंग कोर्राम,संतोष तारम ने बताया की तेज हवा और बारिश के वजह से धान की फसल पूरी तरह गिर गया है। पानी से पूरी तरह फसल डूब गया है। पूरी मेहनत के बाद फसल तैयार हुआ और आने वाले सप्ताह में कटाई की तैयारी चल रही थी। इसी बीच बंगाल के खड़ी में कम दबाव के कारण उठे तेज आंधी तूफान के कारण लगातार बारिश और हवा ने फसल पूरी तरह गिरकर पानी मे डूबा दिया। परसोदा के साथ साथ आसपास किसान भविष्य कों लेकर चिंतित हैं।

डे-नाइट कबड्डी सारवंडी सालेटोला में 7 से 9 तक

दुधावा। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और कबड्डी के प्रति युवाओं का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम सारवंडी सालेटोला में तीन दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जय मां अंगार मोती क्रीड़ा समिति के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 7 से 9 नवंबर तक चलेगी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी रखी गई है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 17,111 रुपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 12,111 रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 7,111 रुपये एवं ट्रॉफी तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 6,111 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

आजादी के बाद पहली बार मैंड्रा गांव पहुंचे विधायक विक्रम ने सुनी ग्रामीणों की पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

सड़क, बिजली और पानी की मांग पर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

आजादी के बाद से विकास और जनप्रतिनिधियों की पहुंच का इंतजार कर रहे मैंड्रा गांव के ग्रामीणों के लिए उस समय एक खास पल आया, जब अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी स्वयं उनके गांव पहुंचे। दुर्गम रास्तों और नक्सल प्रभावित क्षेत्र की चुनौतियों के बीच विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। गांव के बुजुर्गों ने भावुक होकर कहा कि 78 वर्षों में पहली बार किसी विधायक ने उनके गांव पहुंचकर उनकी समस्याएं जानने की पहल की है।

विधायक के इस दौरे ने क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में जनप्रतिनिधियों की पहुंच और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है।

कोयलीबेड़ा विकासखंड के अंतिम गांव मैंड्रा पहुंचने पर विधायक विक्रम उसेंडी ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने किसी औपचारिक सभा या बड़े मंच के बजाय जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान गांव के लोगों ने अपनी रोजमर्रा की परेशानियों और लंबे समय से लंबित मांगों को उनके सामने रखा। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव तक पहुंचने के लिए कठिन रास्तों और मूलभूत सुविधाओं के अभाव ने उनके जीवन को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगी सुविधा

विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि परलकोट क्षेत्र का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से अछूता नहीं रहना चाहिए। क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को समझना और उनका समाधान कराना आवश्यक है। विकास का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होगा, जब अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचेंगी।

विधायक ने जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से की संवाद



कई गांव आज भी पहुँच से दूर

गौरतलब है कि परलकोट क्षेत्र के कई गांव भौगोलिक परिस्थितियों और दुर्गम रास्तों के कारण लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधि का गांव तक पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद करना स्थानीय समस्याओं को प्रशासन के सामने रखने का महत्वपूर्ण माध्यम बनता है। मैंड्रा गांव का यह दौरा भी इसी दिशा में एक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

तबियत बिगड़ने के बाद घर लाई गई थी छात्रा, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

छात्रावास में 6 वर्षीय छात्रा की मौत प्रबंधन और व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

छात्रावास की अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था जांच के घेरे में

जिस उम्र में बच्चों के हाथों में खिलौने और आंखों में सुनहरे सपने होने चाहिए, उस उम्र में छह वर्षीय मासूम अनुष्का खलको की जिंदगी अचानक थम गई। छोटेबेठिया क्षेत्र के मांझी कुटनी जामकुटनी स्थित मिशनरी संस्था द्वारा संचालित अमर ज्योति स्कूल के छात्रावास में रहकर पहली कक्षा की पढ़ाई कर रही छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने न केवल परिजनों को गहरे सदमे में डाल दिया है, बल्कि निजी छात्रावासों में बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और उनके संचालन की वैधानिकता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

परिजनों के अनुसार छात्रावास में रहने के दौरान अनुष्का की तबीयत खराब हो गई थी, जिसके बाद उसे घर लाया गया। परिजनों ने छोटेबेठिया के मेडिकल स्टोर से दवा लेकर उसका उपचार कराया। गुरुवार रात अचानक उसकी हालत बिगड़ने लगी और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। घबराए परिजन तत्काल उसे सिविल अस्पताल पखांजूर लेकर रवाना हुए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत के बाद अमर ज्योति छात्रावास की व्यवस्था और प्रबंधन की जिम्मेदारी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि संस्था द्वारा संचालित छात्रावास के संबंध में शिक्षा विभाग के पास कोई वैधानिक अनुमति अथवा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

यदि ऐसा है तो छात्रावास में बच्चों के रहने, उनकी देखरेख और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की निगरानी कौन कर रहा था, यह जांच का अहम विषय बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी छात्रावास को लेकर शिकायतें और सवाल सामने आए थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कराने, छात्रावास प्रबंधन की जवाबदेही तय करने और बिना अनुमति संचालित छात्रावासों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

पीएम के बाद विसरा जांच के लिए सुरक्षित

बीएमओ डॉ. संजीव वैष्णव के अनुसार सिविल अस्पताल पखांजूर के डॉक्टरों के पैनल द्वारा शुक्रवार को बालिका का पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल बच्ची की मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विसरा सुरक्षित कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। अब जांच रिपोर्ट और विसरा रिपोर्ट से ही मासूम की मौत की असली वजह सामने आने की उम्मीद है।



शिक्षा विभाग ने जांच का दिया भरोसा

खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार शील ने बताया कि क्षेत्र में निजी छात्रावास संचालित होने की विभाग को जानकारी नहीं है। संबंधित स्कूल प्रबंधन द्वारा भी छात्रावास संचालन के संबंध में कोई सूचना या आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान में भाजपा ने भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर आगामी लोकतंत्र बचाव, अराजकता हटाओ अभियान को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनादेश और नागरिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में अभियान के उद्देश्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, भीड़तंत्र, अराजकता एवं हिंसा का विरोध, जनादेश का सम्मान और सुशासन की स्थापना अभियान के प्रमुख विषय हैं। कार्यकर्ताओं से आम नागरिकों को संवैधानिक अधिकारों एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती संविधान के सम्मान, लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा और नागरिकों की जागरूक भागीदारी पर निर्भर करती है। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह इन मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाए। बैठक में जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन की एकजुटता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में भाजपा मंडल मंत्री तुका पटेल, जनक आरदे, तुलसी मतलाम, विकास राजू नायक, गौतम कोटिंगला, नंदू खरे, बहादुर तुलावी, कृष्णा पटेल एवं चिमन यादव, मंडल प्रभारी गौतम उइके, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो एवं शकुंतला नरेटी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विजय पटेल तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षित 8 नक्सलियों को टूल किट देकर दी विदाई

भानुप्रतापपुर। हिंसा और भटकाव का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले आठ समर्पित नक्सलियों के जीवन में अब नई उम्मीदों का सबेरा हुआ है। पुनर्वास केंद्र में कौशल प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें सम्मानपूर्वक घर जाने के लिए विदाई दी गई। इस अवसर पर न केवल उनके प्रशिक्षण पूर्ण होने का प्रमाणपत्र सौंपा गया, बल्कि अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानजनक आजीविका शुरू करने के लिए प्लंबिंग, इलेक्ट्रिशियन और राजमिस्त्री कार्य से संबंधित आवश्यक टूल किट भी प्रदान की गई।

कलेक्टर कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, एसडीएम अनिकेत फड़तरे ने समर्पण करने वाले नक्सली सनाक गावड़े, सयबो गावड़े, जगदेव कोमरा, सुकदू शोरी, दयाबती गोटा, रानू पद्दा, काड़े पद्दा और मनीराम हुपेण्डी से संवाद किया और उनसे कहा कि इस नए अवसर का सकारात्मक उपयोग करें और अपने परिवार के साथ सम्मानजनक जीवन की शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि हुनर और मेहनत के दम पर व्यक्ति अपने जीवन में नई दिशा तय कर सकता है। प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कार्यों को आजीविका का माध्यम बनाएं तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होने शासन की ओर से मिलने वाली इनाम राशि को सुरक्षित रखने की समझाइश देते हुए साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी से विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने अनजान फोन कॉल, लिंक और ओटीपी साझा करने से बचने की सलाह भी दी, ताकि उनकी मेहनत से अर्जित राशि सुरक्षित रह सके। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पुनर्वासित हितग्राहियों के राशन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज शीघ्र तैयार कराने के निर्देश दिए।



सरकार की पहल, बेहतर भविष्य का करे निर्माण

आठ पुनर्वासित व्यक्तियों को प्रमाणपत्र और रोजगारोन्मुखी टूल किट का वितरण केवल सहायता प्रदान करने की पहल नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ नया जीवन शुरू करने का अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के साधनों के माध्यम से शासन की मंशा है कि पुनर्वासित व्यक्ति अपने परिवार का भरण-पोषण करते हुए समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएं और विकास की मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण करें।



बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों की समीक्षा बैठक में लैंगिक समानता पर हुई चर्चा

अंतागढ़। विकासखंड अंतागढ़ स्थित बीआरसीसी भवन में 16 स्कूलों के बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों तथा पीएम श्री विद्यालय के 3 शिक्षक की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में लैंगिक समानता के प्रति समझ विकसित करना तथा बालवाड़ी में बच्चों के लिए समान अवसर और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करने तथा विकासखंड में 19 संचालित बालवाड़ी की सफलता और चुनौतियां पर चर्चा करना था।

बैठक की शुरुआत परिचय एवं स्वागत के साथ हुई। इसके बाद शिक्षकों से बालवाड़ी की वर्तमान गतिविधियों और प्रगति की जानकारी ली गई। आह्वान ट्रस्ट बालवाड़ी जिला समन्वयक लक्ष्मण मालवीय ने पिछले तीन महीनों में मासिक जूम मास्टर क्लास के माध्यम से आयोजित गतिविधियों एवं प्रशिक्षण सत्रों की जानकारी साझा की। इस दौरान बालवाड़ी उन्मुखीकरण, अभिभावक सहभागिता और बहुस्तरीय कक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर शिक्षकों की समझ विकसित की गई। बैठक में बालवाड़ी सहायक जिला समन्वयक अमित साहू ने लैंगिक समानता विषय पर चर्चा की।

पेज 03 के शेष

विधायक नेताम का प्रयास...

कराने का अनुरोध किया था। केंद्रीय मंत्री के द्वारा विधायक के अनुरोध को स्वीकार करने से अब तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के बीच सड़क पार करना अब ग्राम मावलीपारा के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए खतरे का कारण नहीं बनेगा। शासकीय हाईस्कूल मावलीपारा के समीप भारतमाला परियोजना के रायपुर-विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग पर फुट ओवरब्रिज निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

गर्भवती नवविवाहिता की संदिग्ध...

ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। इस दौरान पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। हालांकि, सुसाइड नोट में क्या लिखा है और उसमें किन परिस्थितियों का उल्लेख किया गया है, इस संबंध में पुलिस ने फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। मृतिका के मायके पक्ष के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों के इन आरोपों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। हालांकि प्रताड़ना के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि महिला किन परिस्थितियों से गुजर रही थी और उसकी मौत के पीछे वास्तविक कारण क्या थे। एक गर्भवती नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ने कई अनुत्तरित सवाल छोड़ दिए हैं। क्या महिला वास्तव में प्रताड़ना से परेशान थी? सुसाइड नोट में किन परिस्थितियों का जिक्र है? आखिर उसकी मौत किन हालात में हुई? इन सभी सवालों के जवाब पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही सामने आ सकेंगे।

एकता परेड को लेकर...

की गई है। इसी तरह भानुप्रतापपुर में प्रेस क्लब भवन में नागरिक एकता परेड का सीधा प्रसारण देख सकेंगे। इसके अलावा जिले के सभी थानों में भी पुलिसकर्मियों एवं आम लोगों के लिए आयोजन देखने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पुलिस लाईन में भी प्रोजेक्टर लगाया गया है। इस बार छत्तीसगढ़ में एकता परेड को लेकर विशेष उत्साह नजर आ रहा है। गुजरात में आयोजित होने वाली इस परेड के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति और पुलिस बल के अनुशासन का संदेश प्रसारित किया जाएगा। ऐसे आयोजन न केवल देश की एकता और सामूहिक शक्ति को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि आम नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव और कर्तव्यबोध की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस बार इस परेड में छत्तीसगढ़ और बस्तर के जवानों को भी परेड में शामिल होने का मौका मिला है।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने जिले के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर एकता परेड देखने की अपील की है। उन्होंने आमजन की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए इस आयोजन को राष्ट्रीय एकता और गौरव से जुड़ा अवसर बताया है। पुलिस विभाग की इस पहल से अब कांकेर जिले के नागरिक भी गुजरात में आयोजित होने वाली एकता परेड को सामूहिक रूप से देख सकेंगे।

70 करोड़ की ठगी...

सहित अन्य लोगों को अलग-अलग बैंकों से ऋण लेकर रकम निवेश करने के लिए भी प्रेरित किया। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए कुछ किश्तों का भुगतान किया गया, लेकिन बाद में आरोपियों ने भुगतान बंद कर दिया और निवेशकों की जमा पूंजी लेकर फरार हो गए। इस मामले में अंतागढ़ पुलिस आरोपी दयाशंकर साहू को ग्राम ढेलका जिला बेमेतरा तथा नितिन निर्मलकर को रायपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज चुके है। इस मामले में पूछताछ में तीसरा आरोपी का नाम भी सामने आया था, जिसें पुलिस ने दंतेवाड़ा जिला के कुआकोंडा निवासी 41 अमर कुमार निहाल पिता बया निहाल को 24 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार करने में सफलता मिली और आरोपी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एक किलो गांजा...

ग्राम पंडरीपानी में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए गांजा रखा गया है। सूचना मिलते ही चारामा पुलिस ने आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की और गवाहों की मौजूदगी में ग्राम पंडरीपानी निवासी रमेश पिद्दा के मकान में दबिश दी। मौके पर कन्हैया विश्वकर्मा और रमेश पिद्दा मौजूद मिले। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर धमतरी जिले के बारगरी रावणपारा निवासी 43 वर्षीय कन्हैया विश्वकर्मा के कब्जे से सफेद थैले में रखी पॉलिथीन में एक किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई। पंडरीपानी निवासी 40 वर्षीय रमेश पिद्दा के कब्जे से गुलाबी पॉलिथीन में रखी गांजे की 10 पुड़िया मिलीं, जिनकी कीमत एक हजार रुपये आंकी गई। इसके साथ ही एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, जिसकी कीमत एक हजार रुपये बताई गई है।

खेल मैदान में चमक....

को तृतीय स्थान दिलाने में अहम योगदान दिया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के नियमित अभ्यास, कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

नाम परिवर्तन की सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं महरीनबाई पति-काण्डेराम, जाति-गोंड, ग्राम-करमोती, तहसील-भानुप्रतापपुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) की निवासी हूँ, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम महरीनबाई पति- काण्डेराम दर्ज है, जबकि ग्राम तराईघोटिया स्थित भूमि ख. नं. 26, 39 के राजस्व अभिलेखों में मेरा नाम रिसोबाई बेवा पति-कांडे दर्ज है, उक्तदोनों नाम मेरा एक ही व्यक्ति का हैं, मैं अपना नाम राजस्व अभिलेखों में संशोधित कर महरीनबाई पति-काण्डेराम दर्ज कराना चाहती हूँ। अतः भविष्य में मुझे महरीनबाई पति-काण्डेराम के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **महरीन बाई**









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | **पं.रविकांत शर्मा**
पं.एस.के. शास्त्री



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"

जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान





















क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101

PAYMENT QR CODE

₹ 251

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।